विषय– हिन्दी कक्षा– 5 टर्म– 3

पाठ/अवधारणा/थीम/घटक पाठ 12 मजेदार कबड्डी दिनांक .... से ....तक

शिक्षण आकलन योजना

समूह 1 के बच्चों के रोल नं0 समूह 2 के बच्चों के

सम्पूर्ण कक्षा के लिए शिक्षण अधिगम उद्देश्य :–

1. संवाद को पढकर समझना एवं संवाद बोलने व लिखने के कौशल को जानना। 2. नवीन शब्दों की जानकारी होना। 3. प्रश्नों को समझकर विषय वस्तु से ढूँढ कर लिखना। 4. तर्क के आधार पर अपनी बात समूह में रखना। 5. उपसर्ग एवं विलोम शब्द समझना।

सम्पूर्ण कक्षा के लिए प्रस्तावित गतिविधियाँ	सतत आकलन योजना	समीक्षा एवं अनुभव
(सामूहिक ; उपसमूह एवं व्यक्तिगत)		(बच्चों की सहभागिता/कठिनाई एवं योजना में बदलाव के बारे में)
सामूहिक कार्य–	गतिविधि कर सीखे बिन्दुओं का आकलन करना	साप्ताहिक ....से ....तक
1. अध्यापक सर्वप्रथम बालकों को कबड्डी का खेल खिलाएगा तथा नियम बताना।(गतिविधि) 2. बालकों मे से पाठ के अनुरूप पात्रों का चयन कर पाठ का विकास करना। 3. कबड्डी खेल के बारे में बालकों के विचार अभिव्यक्त करना। 4. नए शब्दों के बारे में जानकारी करना जैसेः– रेडर; केचर; निर्णायक; कबड्डी कोर्ट आदि। 5. उपसर्ग एवं विलोम शब्दों की जानकारी देना जैसेः– सु शब्द का प्रयोग कर नए शब्द बनाना	नए शब्दों की जानकारी को दर्ज करना	
उपसमूह कार्य–	बालकों द्वारा की जाने वाली चर्चा का आकलन करना	
1. अपने मनपंसद खेलों की सूची बनाना। एवं उनमें काम आने वाली सामग्री लिखना। 2. आपके आस–पास खेले जाने वाले खेलों की जानकारी कर सूची बनाना। 3. सही/गलत की पहचान करना जैसेः–कबड्डी देदे वाले को रेडर कहते हैं। ( ) आदि।		
व्यक्तिगत कार्य–	बालक के लेखन पठन का आकलन कर कार्य की जाँच करना	
1. पाठ का कुछ खण्ड बोलकर संवाद रूप में लिखने का निर्देश देना। 2. पाठ में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करके लिखना। 3. पाठ में दिए अभ्यासकार्य को करना।		

http://rajteachers.com/cce.php

समूह 1 के लिए क्षमता संवर्धन योजना :–	बालक द्वारा खेलों की जानकारी का आकलन करना	पाक्षिक ––––––से ––––––तक
1. स्थानीय; राष्ट्रीय; खेलों की सूची बनाना। 2. ड्राईंग शीट पर कबड्डी कोर्ट का नामांकित चित्र बनाना। 3. भारत के विभिन्न खिलाडियों के चित्रों को एकत्र कर 'मेरा संकलन' में चिपकाना।		
समूह 2 के लिए उद्देश्य –		
1. बालक संवाद को पढकर समझ सकेगें। 2. खेलों के प्रति रूचि होना। 3. अभिनय करने की जानकारी प्राप्त करना। 3. प्रश्नों के उत्तर अपनी समझ से देना।		
समूह 2 के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षण योजना (सामूहिक ; उपसमूह ; व्यक्तिगत)		
सामूहिक कार्य–	संवाद रूप में बालकों के वाचन करने का आकलन करना	
1. अध्यापक बालकों से संवाद रूप में पाठ का वाचन करवाएगा तथा बीच–बीच में नए शब्दों की जानकारी करवाएगा। शिक्षक खेलों के बारे में बात करेगा एवं खेल संबंधी नियमों की जानकारी देगा। बालकों से खेल संबंधी प्रश्न पूछेगा।		
उपसमूह में कार्य–	बालकों की सहभागिता का आकलन करना	
1. अपनें आस–पास खेले जाने वाले खेलों पर वार्ता करना एवं सूची बनाना। 2. कठिन शब्दों का उच्चारण करना जैसेः– कबड्डी; निर्णायक; राष्ट्रीयता; प्रोत्साहन आदि। 3. विलोम शब्दों पर कार्य करना जैसेः– सरल–कठिन; ज्यादा–कम आदि।		
व्यक्तिगत कार्य–	जाँचना एवं दर्ज करना	
1. प्रत्तेक बालक पाठ के किसी खण्ड को सवाद रूप में बोलकर लिखेगा। 2. अभ्यास कार्य करवाना।		
पाक्षिक योजना में अधिगम उपलब्धि –	संस्था प्रधान का अभिमत :–	

http://rajteachers.com/cce.php